गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

**ND/GAIL/SECTT/2021** **14.08.2021**

| | |
|---|---|
| 1. Listing Compliance<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, 5th Floor,<br>Plot No. C/1, G Block,<br>Bandra-Kurla Complex, Bandra (East)<br>Mumbai – 400051<br>**Scrip Code: GAIL-EQ** | 2. Listing Compliance<br>BSE Limited<br>Floor 1, Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai – 400001<br>**Scrip Code: 532155** |

**Sub.: Newspaper Publication of the Notice of the 37th AGM Regarding**

Dear Sir,

This is in compliance of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

With reference to the subject cited above, please find the attachment.

The above is for your information and records.

Thanking you,
Yours faithfully,

(A.K. Jha)
Company Secretary

intel vPRO PLATFORM

BUILT FOR BUSINESS

KEEP SECURITY THREATS AT BAY.

Those who would attack will now tremble. Hardware-based security to defend against attacks below and above the OS.

Learn more at intel.in/ITHeroes




No product or component can be absolutely secure. Learn more at intel.in/ITHeroes
Other names and brands may be claimed as the property of others.

**Acer** TravelMate P414-51 1800 3131 71171

**ASUS** ExpertBook B9400 1800 267 8901

**Dell** Latitude 5420 1800 425 4001

**HP** Probook 640 G8 1800 108 4745

**Lenovo** ThinkPad X1 Carbon +9198104 37120


## IIM Lucknow

INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT LUCKNOW

**INVITES APPLICATION FOR**

**21st One-Year-Part-Time General Management Programme For Executives: 2021-22**

**With 240 hours of teaching in four modules (9 days / 60 hrs. equivalent each)**

The General Management Programme for Executives (GMPE) is designed to help the working executives in their next career progression. GMPE integrates advanced management through soft skills and quantitative methods with real world business practices.

**Note:-** If the Covid-19 situation remains, the programme would be held through online mode, else all sessions will be conducted in four on-campus modules at Lucknow Campus.

Contact Us On : **0522-6696278/6696282-83, 6696288**
Mail Us On: **gmpe21@iiml.ac.in.**
For more details please visit our website **http://www.iiml.ac.in/.**

---

TATA

TATA POWER

**The Tata Power Company Limited**
**(Corporate Contracts Department)**
Smart Center of Procurement Excellence, 2nd Floor, Sahar Receiving Station, Near Hotel Leela, Sahar Airport Road Andheri (E), Mumbai 400 059, Maharashtra, India
(Board Line: 022-67173188) CIN: L28920MH1919PLC000567

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

**The Tata Power Company Limited** Iinvites tenders from eligible vendors (Two Part Bidding) for following Works,

**Rehabilitation work of Transmission Tower foundations in Creek and Non Creek areas for Tata Power Transmission division in Mumbai operations area. (Tender Reference CC22SS042)**

For detailed NIT, please visit Tender section on website **https://www.tatapower.com**. Interested bidders to submit Tender Fee and Authorization Letter before **15:00 hrs. Monday, 23rd August, 2021**.

Also, all future corrigendum's if any, to the said above tender will be informed on Tender section of website **https://www.tatapower.com** only.

---

## GOCL Corporation Limited

CIN: L24292TG1961PLC000876
Registered Office: IDL Road, Kukatpally, Hyderabad-500 072.
Ph: 040-23810671-9; Fax: 040-23813860; Web: www.goclcorp.com; Email Id: secretarial@goclcorp.com

**EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2021**

(₹ in Lakhs)

TURNOVER + 34%

PBT + 41%

| S.No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2021 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2021 (Audited) | Quarter ended 30.06.2020 (Unaudited) | Year ended 31.03.2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income | **17564.09** | 15016.62 | 14192.95 | 55702.15 |
| 2. | Net profit for the period (before tax, exceptional and extraordinary items) | **2813.05** | 3356.98 | 1995.21 | 9044.46 |
| 3. | Net profit for the period before tax (after exceptional and extraordinary items) | **2813.05** | 3356.98 | 1995.21 | 9044.46 |
| 4. | Net profit for the period after tax (after exceptional and extraordinary items) | **2361.89** | 2748.80 | 1812.89 | 7870.39 |
| 5. | Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive Income (after tax)] | **(585.70)** | 179.28 | 19790.79 | 28536.19 |
| 6. | Paid up equity share capital (Face value of ₹2/- each) | **991.45** | 991.45 | 991.45 | 991.45 |
| 7. | Earnings per share ( ₹ 2/- each) (for continuing and discontinued operations) | **4.76** | 5.55 | 3.66 | 15.88 |

**Summarised Standalone Unaudited Financial Performance of the Company is as under :**

TURNOVER + 163%

PBT + 250%

| S.No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2021 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2021 (Audited) | Quarter ended 30.06.2020 (Unaudited) | Year ended 31.03.2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income | **4044.64** | 4411.96 | 2086.34 | 16239.03 |
| 2. | Profit before tax | **993.88** | 1206.76 | 283.66 | 5570.40 |
| 3. | Profit after tax | **704.20** | 928.48 | 211.95 | 4904.36 |
| 4. | Paid up equity share capital (Face value of ₹ 2/- each) | **991.45** | 991.45 | 991.45 | 991.45 |
| 5. | Earnings per share (₹ 2/- each) (for continuing and discontinued operations) Basic and Diluted ( ₹ ) | **1.42** | 1.87 | 0.43 | 9.89 |

Note :
The above is an extract of the detailed format of the consolidated and standalone financial results for the quarter ended June 30, 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results is available on the Stock Exchanges website i.e.,www.bseindia.com, www.nseindia.com and also on Company's website www.goclcorp.com.

By order of the Board
For **GOCL Corporation Limited**

**S. Pramanik**
Managing Director
DIN: 00020414

Place: Hyderabad
Date : August 12, 2021

60 YEARS AND INNOVATING...

• ENERGETICS • REALTY

HINDUJA GROUP

---

GAIL (India) Limited
(A Govt. of India Undertaking)

### NOTICE TO SHAREHOLDERS OF GAIL (INDIA) LIMITED

**NOTICE** is hereby given that the 37th (Thirty-Seventh) Annual General Meeting (AGM) of the members of GAIL (India) Limited for FY 2020-21 will be held on **Thursday, the 9th day of September, 2021 at 11:30 a.m. through Video Conferencing (VC)/Other Audio-Visual Means (OAVM)** to transact the businesses as set out in the Notice of AGM which is being circulated separately. In view of the continuing COVID-19 pandemic, social distancing is a pre-requisite that needs to be followed. Ministry of Corporate Affairs (MCA) vide Circular No. 14/2020 dated April 08, 2020, Circular No. 17/2020 dated April 13, 2020, Circular No. 20/2020 dated May 05, 2020, Circular No. 02/2021 dated January 13, 2021 **(MCA Circulars)** and Securities and Exchange Board of India **('SEBI')** vide Circular Nos. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020, and SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021 **(SEBI Circulars)** have permitted the holding of AGM through VC/OAVM.

In compliance with these Circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the 37th AGM of the Members of the Company will be held through VC/OAVM.

In accordance with the aforesaid Circulars, Notice of the AGM along with the Integrated Annual Report 2020-21 are being sent by electronic mode only to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company/Depositories. Members may please note that the Notice of AGM and Integrated Annual Report 2020-21 will also be available on the Company's website **(www.gailonline.com)**, Stock Exchange website - BSE Limited **(www.bseindia.com)** & National Stock Exchange of India Limited **(www.nseindia.com)** and website of CDSL (agency for providing the Remote e-Voting facility) i.e. **www.evotingindia.com**. Members can attend and participate in the AGM through the VC/OAVM facility only. Members attending the meeting through VC/OAVM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum as per Section 103 of the Companies Act, 2013. The instructions for joining the AGM are provided in the Notice of the AGM.

The facility of participation at the AGM through VC/ OAVM will be made available for 1,000 members on first come first serve basis. This will not include large Shareholders (Shareholders holding 2% or more shareholding), Promoters, Institutional Investors, Directors, Key Managerial Personnel, the Chairpersons of the Audit Committee, Nomination and Remuneration Committee and Stakeholders Relationship Committee, Auditors etc. who are allowed to attend the AGM without restriction on account of first come first serve basis.

The Company is providing remote e-voting facility ('Remote e-voting') to all its members to cast their votes on all resolutions as set out in the Notice of AGM. Additionally, the Company is providing the facility of voting through e-voting system during the AGM (E-voting). Detailed procedure for remote e-voting/voting is provided in the Notice of the AGM.

**In case of Member(s) who have not registered their e-mail addresses with the Company/Depository, are requested to please follow the following instructions to register their e-mail address for obtaining Annual Report 2020-21 and login details for e-voting:**

1) For members holding shares in Physical mode, please provide necessary details like Folio No., name of member along with scanned copy of the Share Certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email to **shareholders@gail.co.in/admin@mcsregistrars.com**

2) Members holding shares in Demat mode can get their E-mail ID registered by contacting their respective Depository Participant or alternatively, please provide Demat account details (CDSL-16 digit beneficiary ID or NSDL-16 digit DPID + CLID), name, client master or copy of Consolidated Account statement, PAN (self-attested scanned copy), AADHAR (self-attested scanned copy) to **shareholders@gail.co.in/admin@mcsregistrars.com**

The 37th AGM Notice will be sent to the shareholders holding shares as on cut-off date (to be decided by the Company) for the dispatch on their registered e-mail addresses in due course.

If you have any queries or issues regarding attending AGM & E-Voting from the e-Voting System, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at **www.evotingindia.com** under help section or write an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or contact at 022-23058738 and 022-23058542/43.

All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Shri Rakesh Dalvi, Sr. Manager, (CDSL) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or call on 022-23058542/43. Alternatively, the members may contact our R&TA at **admin@mcsregistrars.com** or Mr. Ajay Dalal, General Manager, MCS STA at 91-11-41406149-52 {Address: MCS Share Transfer Agent Limited, **Unit: GAIL (India) Limited**, 1st Floor, F–65, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020}.

For GAIL (India) Limited
Sd/-
(A.K. Jha)
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 13.08.2021
E-mail: shareholders@gail.co.in
**Phone:** 011-26182955, **Fax:** 011-26185941 **CIN:** L40200DL1984GOI018976

www.gailonline.com | Regd. Off.: 16, Bhikaiji Cama Place, R.K. Puram, New Delhi – 110066 Follow us on

---




## Gulf Oil Lubricants India Limited

Registered & Corporate Office: IN Centre, 49/50, MIDC, 12th Road, Andheri [E], Mumbai-400 093, Maharashtra, India. CIN NO.: L23203MH2008PLC267060
Tel No.: +91 22 66487777 | Fax:+91 22 28248232 | Website: www.gulfoilindia.com
Email: secretarial@gulfoil.co.in

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2021** ₹Lakhs

| Particulars | Quarter ended June 30, 2021 (Unaudited) | Quarter ended June 30, 2020 (Unaudited) | Year Ended March 31, 2021 (Audited) |
|---|---|---|---|
| Revenue from Operations | 41,736.74 | 24,117.14 | 1,65,220.51 |
| Profit from ordinary activities before tax | 4,067.07 | 2,316.58 | 26,874.05 |
| Net Profit from ordinary activities after tax | 3,035.19 | 1,717.37 | 20,008.58 |
| Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit and other Comprehensive Income for the period) | 3,039.85 | 1,707.13 | 20,055.17 |
| Equity share capital (Face value ₹2 per share) | 1,006.57 | 1,002.55 | 1,006.19 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) | | | 85,931.48 (AS AT 31/03/2021) |
| Earnings Per Share (Face value ₹2 per share) a) Basic- ₹ b) Diluted-₹ | *6.03 *6.02 | *3.43 *3.41 | 39.86 39.70 |

*Not Annualised

Note:
The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results is available on the stock exchange websites, www.nseindia.com, www.bseindia.com and on the Company's website www.gulfoilindia.com.

For and on behalf of Board of Directors of
**GULF OIL LUBRICANTS INDIA LIMITED**
**Ravi Chawla**
**Managing Director & CEO**
**DIN: 02808474**

**Place: Mumbai**
**Date: August 12, 2021**

HINDUJA GROUP

---

जीवन में ना कुछ खोता है, ना व्यर्थ होता है।

"There is nothing lost or wasted in this life."

*- Bhagwad Gita*



## Yadupati Singhania

29.09.1953 - 13.08.2020

Remembering a Leader,
whose unwavering vision, dedication
and legacy of conviction, continues to inspire us.

While you leave a legacy behind,
you always will be missed
and your memories will be cherished
in our hearts forever.

JKcement

# ओलिंपिक में परचम लहराने का लक्ष्य

## जेएसडब्ल्यू के पार्थ जिंदल ने 2025 तक एक खेल उद्यम और एक स्पोर्ट्स आईपीओ शुरू करने की योजना बनाई है

अरिंदम मजूमदार

साल 2019 के मध्य में नीरज चोपड़ा को कोहनी में गंभीर रूप से चोट लग गई जिसकी वजह से उनके ओलिंपिक में जाने का सपना टूटता हुआ नजर आ रहा था। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में स्पोर्ट्स एक्सीलेंस और स्काउटिंग की प्रमुख मनीषा मल्होत्रा ने तुरंत ही लोगों से टेलीफोन पर संपर्क करना शुरू कर दिया जो उनकी तुरंत मदद कर सकते थे। 24 घंटे के भीतर चोपड़ा का इलाज मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भारत के प्रमुख ऑर्थोपेडिक सर्जन में से एक दिनशॉ पारदीवाला शुरू कर चुके थे। वहां उनकी दो घंटे की सर्जरी हुई।

इसके बाद वह कर्नाटक के जेएसडब्ल्यू के विजयनगर स्टील संयंत्र में मौजूद एकमात्र निजी प्रशिक्षण केंद्र इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चार महीने के लिए चले गए।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने चोपड़ा में अपना पूरा निवेश किया और वह मानसिक तौर पर खुद भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध रहे और उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन के बलबूते भारत को ट्रैक ऐंड फील्ड में पहला ओलिंपिक स्वर्ण पदक मिल पाया। इस जीत के बाद चोपड़ा की बढ़ती ब्रांड वैल्यू, जेएसडब्ल्यू सीमेंट्स के प्रबंध निदेशक और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स के संस्थापक-निदेशक पार्थ जिंदल के लिए भी अच्छी खबर है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स को जिंदल देश के पहले मुनाफे वाले खेल उद्यम में तब्दील करने की फिराक में हैं। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने 2015 में चोपड़ा की प्रतिभा की पहचान की और उस वक्त से ही 13 अरब रुपये की हैसियत वाले स्टील समूह को इनके प्रशिक्षण और सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी, कुश्ती में ओलिंपिक कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग पुनिया और चोपड़ा के लिए विज्ञापन करार का प्रबंधन करेगी जो 2024 तक पेरिस ओलिंपिक तकजेएसडब्ल्यू के साथ ही जुड़े रहेंगे।

जिंदल का कहना है, 'हमने मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो, एथलेटिक्स और तैराकी जैसे पांच खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान के लिए एक व्यापक प्रणाली तैयार की है। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ढूंढ़ने के लिए हमारी टीम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मौजूद रहती है। जब भी उन्हें किसी में संभावित प्रतिभा दिखती है हम उस एथलीट के माता-पिता से संपर्क करते हैं और उन्हें जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में पूर्ण छात्रवृत्ति की पेशकश करते हैं जहां उनके प्रशिक्षण और उनकी पढ़ाई का ख्याल रखा जाता है।' जिंदल ने 2013 में खेल कारोबार में जब प्रवेश किया तब वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि जेएसडब्ल्यू को एक घर-घर में पहचाने जाने योग्य घरेलू ब्रांड कैसे बनाया जाए। उन्होंने हाल ही में ब्राउन यूनिवर्सिटी से अपनी पढ़ाई पूरी की थी और उनकी पहली परियोजना मार्केटिंग विभाग में थी। उन्हें यह बताया गया कि प्रतिस्पर्द्धी कंपनी टाटा स्टील का टिस्कॉन ब्रांड 10 फीसदी अधिक शुल्क लगाने में सक्षम था क्योंकि कंपनी की अच्छी पहचान थी जबकि जेएसडब्ल्यू के नियोस्टील (उनका कहना है कि यह एक 'बेहतर उत्पाद' है) ने स्वीकृति पाने के लिए काफी संघर्ष किया।

**नीरज चोपड़ा की बढ़ती ब्रांड वैल्यू, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के लिए सुनहरा मौका साबित होगा**



जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने नीरज चोपड़ा के प्रशिक्षण आदि में किया निवेश

- जिंदल मानते हैं कि खेल क्षेत्र मुनाफे वाला उद्यम होगा
- कंपनी पुनिया और चोपड़ा के विज्ञापन करार देखेगी
- जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की योजना आईपीओ लाने की है

उनका कहना है, 'हमें सीमेंट के क्षेत्र में भी इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा जहां हमें बिड़ला जैसे प्रमुख ब्रांड से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी इसीलिए मैंने सोचा कि जेएसडब्ल्यू को एक ऐसे संस्थान का निर्माण करना चाहिए और ओलिंपिक खेलों को चुनना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान बनने के साथ-साथ बेहतर ब्रांड निर्माण के लिए भी काम किया जा सकता है।'

अगले एक साल तक जिंदल और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) और डेविस कप के पूर्व खिलाड़ी मुस्तफा घोष ने इस कारोबार के लिए मॉडल तैयार करने के मकसद से दुनिया भर के प्रमुख खेल केंद्रों का दौरा किया। इसका नतीजा इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के रूप में निकला। इसका दायरा 42 एकड़ में फैला था और इसने साल 2014 से ही भारत के लिए कई ओलिंपिक एथलीट तैयार किए हैं।

यह खेल अकादमी अच्छी तरह से चल रही है और जिंदल अधिक दांव लगा रहे हैं। भारत को कुछ सालों में अंडर-17 फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी करनी थी और फुटबॉल महासंघ को लगा कि कॉरपोरेट जगत की उपस्थिति से नए बुनियादी ढांचे को गति मिलेगी। जिंदल ने बोली लगाई और बेंगलूरु फ्रैंचाइजी के लिए अधिकार मिल गए। जिंदल कहते हैं, 'हमें लगा कि भारतीय फुटबॉल के लिए पेशेवर रूप से प्रबंधन वाले फुटबॉल क्लब का होना जरूरी है। दूसरा बेंगलूरु में जेएसडब्ल्यू ब्रांड को स्थापित करने और इसे घर-घर में पहचाना जाने वाला नाम बनाने का भी एक मकसद था।' इसके बाद 2017 में हरियाणा के खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा और एक साल बाद उन्होंने जीएमआर ग्रुप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दिल्ली फ्रैंचाइजी डेल्ही कैपिटल्स में 50 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल की।

भारत में स्पोर्ट्स टीम के माध्यम से पैसा बनाना कभी आसान नहीं रहा। आलम यह रहा कि खेल में अधिक भागीदारी से हमेशा नुकसान ही रहा। जिंदल का कहना है कि आईपीएल और कबड्डी लीग की फ्रैंचाइजी मुनाफे में है वहीं फुटबॉल फ्रैंचाइजी को अभी पैसा कमाना है। कंपनी ने कमाई के लिए तीन विशेष तरह की योजना बनाई है। सबसे पहले, फ्रैंचाइजी से कमाई करती है। दूसरा, खेल प्रबंधन कारोबार से भी कमाई का जरिया तैयार होता है जहां जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स एथलीट का प्रबंधन करता है जिसमें ऋषभ पंत और नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं और इनमें से कई ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में प्रशिक्षण लिया या वे कंपनी की स्पोर्टिंग फ्रैंचाइजी का हिस्सा हैं।

तीसरी बात यह है कि जिंदल अब खेल सामग्री कारोबार में विस्तार करने और जेएसडब्ल्यू से जुड़े मशहूर एथलीट पर वृत्तचित्र बनाने की योजना बना रहे हैं। कंपनी खेल कारोबार में और मुख्य रूप से ई-स्पोर्ट्स में स्टार्टअप तैयार करने की भी योजना बना रही है। जिंदल कहते हैं, 'मैं व्यावसायिक पहलू के लिहाज से इस बात में यकीन करता हूं कि खेल का एक अविश्वसनीय भविष्य है विशेष रूप से लाइव स्पोर्ट्स में क्योंकि इस क्षेत्र के साथ-साथ खबरों की दुनिया में विज्ञापनदाताओं को लाइव दर्शक मिलते हैं। हम फुटबॉल, क्रिकेट और कबड्डी के जरिये एक बड़ी खेल कंपनी बना सकते हैं।'

यह संस्था भी ज्यादा एथलीट को अपने साथ जोड़ने का विकल्प तलाश रही है जो 2024 के पेरिस और 2028 के लॉस एंजलिस ओलिंपिक में पदक पा सकते हैं। जिंदल का कहना है, 'हमने पहले से ही कुछ ऐसे एथलीटों की पहचान की है जो संभावित ओलिंपिक खिलाड़ी हो सकते हैं। हमारे एथलीटों की सफलता के कारण हमें काफी फंडिंग मिली है, जिसमें जेएसडब्ल्यू से मिली फंडिंग भी शामिल है।' हालांकि इस उद्यम को अब भी जेएसडब्ल्यू समूह से समर्थन की जरूरत है लेकिन जिंदल को उम्मीद है कि 2025 तक यह एक मुनाफे वाला खेल क्षेत्र का उद्यम होगा। वह कहते हैं, 'मेरा सपना भारत में एक खेल कंपनी के लिए पहला सार्वजनिक निर्गम लाने का है।'

## मप्र के हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर बने डीएसपी

संदीप कुमार

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टोक्यो ओलिंपिक की पुरुष हॉकी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य मध्य प्रदेश के खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद को पुलिस उप अधीक्षक के पद पर नियुक्ति देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को प्रदेश सरकार की ओर से प्रसाद को एक करोड़ रुपये की सम्मान निधि प्रदान की और कहा कि सरकार उनके परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराएगी। यह मकान प्रसाद और उनके परिवार की इच्छा के अनुसार प्रदेश के किसी भी शहर में दिया जा सकता है। प्रसाद का परिवार होशंगाबाद के इटारसी शहर में रहता है। मुख्यमंत्री ने भोपाल स्थित मिंटो हाल सभागार में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेक सागर प्रसाद समेत अनेक खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यान चंद के सुपुत्र और स्वयं हॉकी के सितारा खिलाड़ी रहे अशोक ध्यान चंद का भी सम्मान किया। अशोक ध्यान चंद ने विवेक सागर को भी प्रशिक्षित किया है। विवेक सागर ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि टीम के कप्तान मनप्रीत ने कहा था कि हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। इस बात ने टीम को सबकुछ झोंकने के लिए प्रेरित किया। प्रसाद ने वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश की खेल अकादमी में प्रवेश लिया था।

# कांग्रेस के ट्विटर अकाउंट पर ताला

नेहा अलावधी



- 7 अगस्त को राहुल गांधी का ट्विटर अकाउंट लॉक कर दिया गया
- कांग्रेस के अकाउंट को ट्विटर ने 12 अगस्त को बंद कर दिया
- ट्विटर का कहना है कि इन अकाउंट ने ट्विटर नियमों का उल्लंघन किया
- एनसीपीसीआर ने भी पोक्सो कानून का उल्लंघन करने के लिए इन ट्वीट पर कार्रवाई करने के लिए कहा था
- ट्विटर के टॉप ट्रेंड में गुरुवार को 'राहुल गांधी', 'रागा', 'ट्विटर बीजेपी से डर गया' जैसे हैशटैग शामिल रहे

**माइक्रोब्लॉगिंग** मंच ट्विटर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ट्विटर अकाउंट को लॉक करने के लगभग एक हफ्ते बाद गुरुवार को उनकी पार्टी का अकाउंट भी लॉक कर दिया है। ट्विटर ने कहा कि यह कार्रवाई उन नियमों का उल्लंघन करने की वजह से की गई जिसके मुताबिक यह सोशल मीडिया मंच किसी भी बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने की अनुमति नहीं देता है।

यह कार्रवाई ट्विटर द्वारा सैकड़ों अधिक ट्विटर अकाउंट पर की गई सक्रिय कार्रवाई का हिस्सा थी। ट्विटर ने केवल उन्हीं अकाउंट को लॉक कर दिया गया है जिन्होंने तस्वीर नहीं हटाई थी। ट्विटर अकाउंट लॉक करने की वजह से अकाउंट के उपयोगकर्ता ट्वीट नहीं कर सकते हैं लेकिन प्रोफाइल दिखती रहेगी और उनके फॉलोअर उसे देख भी सकते हैं। ट्विटर के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमने कई सौ ट्वीट पर कार्रवाई की है जिन्होंने ऐसी तस्वीरें पोस्ट की जो हमारे नियमों का उल्लंघन करती हैं। हम अपने विकल्पों की सीमा के अनुरूप ऐसा करना जारी रखेंगे क्योंकि कुछ निजी जानकारी दूसरों की तुलना में ज्यादा जोखिम से भरी होती है और हमारा मकसद हमेशा से लोगों की गोपनीयता की रक्षा करना है। हम सभी को प्रोत्साहित करते हैं कि वे ट्विटर नियमों से परिचित हो सकें और नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी पोस्ट को रिपोर्ट करें।' ट्विटर के मुताबिक, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने ट्विटर पर मौजूद विशेष सामग्री के बारे में सचेत किया गया था जिसमें एक कथित तौर पर बलात्कार पीड़िता (नाबालिग) और उसके माता-पिता की पहचान उजागर होती थी।

कांग्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट को बंद किए जाने संबंधी संदेश का स्क्रीन शॉट फेसबुक पोस्ट में साझा किया। उसने कहा, 'जब हमारे नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया, हम तब नहीं डरे तो अब ट्विटर अकाउंट बंद करने से क्या डरेंगे। हम कांग्रेस हैं, जनता का संदेश है, हम लड़ेंगे और लड़ते रहेंगे।' पार्टी ने कहा, 'अगर बलात्कार पीड़ित बच्ची को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना अपराध है तो यह अपराध हम सौ बार करेंगे। जय हिंद, सत्यमेव जयते।'

राहुल गांधी का अकाउंट बंद करने के विरोध में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. और पार्टी के कई अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपने ट्विटर हैंडल का नाम बदलकर राहुल गांधी कर दिया और प्रोफाइल पिक्चर में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की तस्वीर लगा दी।

कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के प्रमुख रोहन गुप्ता ने कहा कि पार्टी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट और इसके नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के करीब 5000 अकाउंट को ब्लॉक किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्विटर सरकार के दबाव में आकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ काम कर रहा है।

# संसद से विजय चौक तक विपक्ष का पैदल मार्च



**विपक्षी** दलों ने सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया, विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने राज्यसभा में कुछ महिला सांसदों के साथ कथित धक्का-मुक्की की घटना को लेकर गुरुवार को सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया तथा इसके और पेगासस जासूसी विवाद एवं केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन किया।

बाद में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार समेत कई प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात कर सरकार के अलोकतांत्रिक व्यवहार पर चिंता प्रकट की।

खड़गे के संसद भवन स्थित कक्ष में बैठक करने के बाद विपक्षी नेताओं ने संसद भवन से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। इस दौरान कई नेताओं ने बैनर और तख्तियां ले रखी थीं। बैनर पर 'हम किसान विरोधी काले कानूनों को निरस्त करने की मांग करते हैं', लिखा हुआ था। विपक्षी नेताओं ने 'जासूसी बंद करो , काले कानून वापस लो और लोकतंत्र की हत्या बंद करो' के नारे भी लगाए।

विपक्षी नेताओं की बैठक में खड़गे, राहुल गांधी, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश एवं आनंद शर्मा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव, द्रमुक के टी आर बालू, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और कई अन्य विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और बसपा का कोई नेता इस बैठक में शामिल नहीं हुआ।

**विपक्ष ने सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया तथा इसके और पेगासस जासूसी विवाद एवं केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन किया**

विपक्षी दलों के मार्च के बाद राहुल गांधी और कई विपक्षी नेताओं से संवाददाताओं से बातचीत में सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'संसद सत्र पूरा हो चुका है। जहां तक देश के 60 फीसदी हिस्से की बात है तो उनके लिए यह कोई सत्र नहीं था क्योंकि इन 60 फीसदी लोगों की आवाज को दबाया गया, अपमानित किया गया और कल राज्यसभा में पीटा गया उन्होंने आरोप लगाया, 'हमने पेगासस मामले पर चर्चा की मांग की, सरकार ने इनकार कर दिया। हमने किसानों, महंगाई का मुद्दा संसद के बाहर उठाया क्योंकि अंदर नहीं उठा नहीं सकते। आप लोगों (मीडिया) के सामने बात कर रहे हैं क्योंकि अंदर नहीं बोलने नहीं दिया जाता। यह हमारे देश में लोकतंत्र की हत्या से कुछ कम नहीं है।' बुधवार की घटना को लेकर राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू के दुखी होने संबंधी सवाल पर राहुल ने कहा, 'सभापति को सदन चलाना होता है, उन्होंने क्यों नहीं चलाया? विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया।'

**राहुल ने कहा कि संसद में 60 फीसदी लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है**

सरकार विरोधी मार्च के बाद विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने नायडू से मुलाकात कर बुधवार की घटना पर चिंता प्रकट की और सरकार पर अलोकतांत्रिक व्यवहार का आरोप लगाया। पवार ने ट्वीट किया, 'विपक्षी दलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज उप राष्ट्रपति से मुलाकात कर राज्यसभा में कल हंगामे को लेकर चिंता प्रकट की। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के अलोकतांत्रिक व्यवहार की एकमत से निंदा की। मैंने अपने 55 साल के संसदीय करियर में महिला सांसदों के प्रति ऐसा व्यवहार कभी नहीं देखा। 40 पुरुषों और महिलाओं को सदन में बाहर से लाया गया था। यह दुखद था। यह लोकतंत्र पर हमला है।' *भाषा*

# विपक्ष सरकार से मांगे माफी

**राज्यसभा** में जबरदस्त हंगामे के एक दिन बाद सरकार ने गुरुवार को कहा कि संसद में नियम तोड़ने और इस तरह का बर्ताव करने वाले विपक्षी सांसदों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सरकार ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद और विधेयक नहीं लाने की धमकी दी थी।

सरकार ने कहा कि संसद के मानसून सत्र में वर्ष 2014 के बाद सबसे अधिक हंगामे के बावजूद राजयसभा में औसतन एक से अधिक विधेयक हर दिन पारित किया गया। *भाषा*

गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

**गेल (इंडिया) लिमिटेड के शेयरधारकों हेतु सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि व्यवसायों के लेन-देन करने के लिए पृथक रूप से परिचालित किए जा रहे एजीएम की सूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की 37वीं (सैंतीसवीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) **गुरुवार, दिनांक 09 सितंबर, 2021 को पूर्वाह्न 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से** आयोजित की जाएगी। मौजूदा कोविड-19 वैश्विक महामारी को देखते हुए सामाजिक दूरी का अनुपालन आवश्यक है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने अपने परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 **(एमसीए परिपत्र)** तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड **('सेबी')** ने अपने परिपत्र सं. एसईबीआई/एचओ/सीएफडी/सीएमडी 2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 **("सेबी परिपत्र")** के द्वारा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम के आयोजन की अनुमति प्रदान की है।

इन परिपत्रों और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रासंगिक प्रावधानों और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में कंपनी के सदस्यों की 37वीं एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसार एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 के साथ एजीएम की सूचना केवल उन्हीं सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा भेजे जा रही हैं जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। सदस्य कृपया ध्यान दें कि एजीएम की सूचना और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 कंपनी की वेबसाइट **(www.gailonline.com)**, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड **(www.bseindia.com)**, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **(www.nseindia.com)** और सीडीएसएल (रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात **www.evotingindia.com** पर भी उपलब्ध होगी। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित और भाग ले सकते हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा। एजीएम में शामिल होने के निर्देश एजीएम के नोटिस में दिए गए हैं।

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भागीदारी की सुविधा 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर 1,000 सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में शेयरधारक (2% या अधिक शेयरधारक), प्रवर्तक, संस्थागत निवेशक, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और स्टेकधारक संबंध समिति, लेखापरीक्षक आदि शामिल नहीं होंगे जिन्हें 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर बिना किसी प्रतिबंध के एजीएम में भाग लेने की स्वीकृति है।

कंपनी एजीएम नोटिस में यथा निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना मतदान करने के लिए सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त कंपनी एजीएम (ई-वोटिंग) के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है। एजीएम के नोटिस में रिमोट ई-वोटिंग/वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया उपलब्ध है ।

**ऐसे सदस्य (सदस्यों) के मामले में जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, से अनुरोध है कि वे वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 और ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल पते को दर्ज करने हेतु कृपया नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें।**

1) भौतिक रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्यों के लिए, कृपया आवश्यक विवरण जैसे-फोलियो नंबर, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन्ड प्रति (आगे और पीछे) के साथ शेयर धारक का नाम, पैन (स्वयं सत्यापित पैन कार्ड की स्कैन्ड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन्ड प्रति) ईमेल द्वारा **shareholders@gail.co.in/admin@mcsregistrars.com** पर उपलब्ध कराएं।

2) डीमैट मोड में शेयर रखने वाले सदस्य अपने ई-मेल आईडी उनके संबंधित डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क कर पंजीकृत करवा सकते हैं। कृपया डीमैट एकाउंट का विवरण (सीडीएसएल-16 डिजिट का बेनेफिशियरी आईडी अथवा एनएसडीएल-16 डिजिट का डीपीआईडी+सीएलआईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित लेखा विवरण की प्रति, पैन (स्वयं-सत्यापित स्कैन्ड प्रति), आधार (स्वयं-सत्यापित स्कैन्ड प्रति) **shareholders@gail.co.in/admin@mcsregistrars.com** पर उपलब्ध कराएं ।

37वीं एजीएम नोटिस को शेयरधारकों को कट-ऑफ डेट (कंपनी द्वारा तय किया जाएगा) पर धारित शेयर का प्रेषण उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर नियत समय पर भेजा जाएगा।

यदि आपको एजीएम और ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग में भाग लेने के बारे में कोई भी प्रश्न या कोई समस्या हो तो आप अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ('एफएक्यू') और सहायता अनुभाग के अंतर्गत **www.evotingindia.com** पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल का संदर्भ लें या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ईमेल करें या 022-23058738 और 022-23058542/43 पर संपर्क करें।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25 वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोयर परेल (ईस्टे), मुंबई - 400013 को संबोधित किया जा सकता है या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई-मेल भेजें या 022-23058542/43 पर कॉल करें। वैकल्पिक रूप से, सदस्य हमारे आर एंड टीए से **admin@mcsregistrars.com** या श्री अजय दलाल, महाप्रबंधक, एमसीएस एसटीए से 91-11-41406149-52 पर संपर्क कर सकते हैं {पता: एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, यूनिट: गेल (इंडिया) लिमिटेड, पहली मंजिल, एफ-65, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-I, नई दिल्ली-110020}।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 13.08.2021
**ई-मेल:** shareholders@gail.co.in
फोन: 011-26182955, फैक्स: 011-26185941
सीआईएन: L40200DL1984GOI018976

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./-
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

www.gailonline.com | पंजीकृत कार्यालय: 16, भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066 पर हमें फॉलो करें

आईआईएम लखनऊ
भारतीय प्रबन्ध संस्थान लखनऊ

**आवेदन आमंत्रण**

**21वां कार्यकारी अधिकारियों हेतु एक वर्षीय अंशकालिक सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम: 2021-22**

**चार मॉड्यूल में 240 घंटों का शिक्षण (नौ दिन 60 घंटे का प्रत्येक मॉड्यूल)**

कार्यकारी अधिकारियों हेतु सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम (जीएमपीई) को कार्यरत एक्जेक्यूटिव के करियर विकास में सहायता के लिए तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम में व्यवहारिक कुशलता और परिणाम सम्बंधी विधि के साथ ही वास्तविक व्यावसायिक जगत की प्रथा आधारित उन्नत प्रबंधन शामिल है।

**नोट:** कोविड-19 महामारी जारी रहने की स्थिति में, यह कार्यक्रम ऑनलाइन संचालित किया जाएगा। अन्यथा, सभी सत्र: चार ऑन-कैम्पस मॉड्यूल के साथ लखनऊ परिसर में आयोजित किए जाएंगे।

संपर्क: **0522-6696278/6696282-83, 6696288**
ईमेल: **gmpe21@iiml.ac.in;**
विवरण हेतु हमारी वेबसाइट देखें: **http://www.iiml.ac.in/**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय स्ट्रैस्ड एसेट रिकवरी शाखा:
4वाँ तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र पैलेस, नई दिल्ली-110008
फोन नं. 011-25752308/310,
ईमेल: sardii@bankofbaroda.com, वेबसाइट: www.bankofbaroda.com

**कब्जा सूचना** अचल संपत्ति हेतु [देखें नियम 8(1)]

जबकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने दिनांक 11.03.2021 को मांग सूचना जारी की थी जिसमें कर्जदार **(1) पूनम कुमारी पुत्र श्री लल्लन कुमार सिंह (2) श्री लल्लन कुमार सिंह पुत्र श्री किशोरी सिंह (3) मेसर्स आदित्य एंटरप्राईजेज** अपने प्रोपराईटर-श्रीमती पूनम कुमारी के माध्यम से **(4) मेसर्स स्काईटैक कंस्ट्रक्शन प्रा. लि.** से सूचना में उल्लिखित राशि रु. 83,08,809.84/- (रुपये तिरासी लाख आठ हजार आठ सौ नौ और चौरासी पैसा मात्र) और इस पर 12.03.2021 से प्रभावी ब्याज, लागत एवं प्रभारों को उक्त सूचना की तारीख से 60 दिनों के अंदर अदा करने के लिए कहा गया।

कर्जदार के राशि चुकाने में असफल रहने पर कर्जदार और जन सामान्य को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की *उप-धारा (4)* के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति का 11 अगस्त, 2021 को कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और जन सामान्य को सामान्य रूप में संपत्ति से कोई लेन-देन न करने के लिए आगाह किया जाता है और संपत्ति से कोई भी लेन-देन दिनांक 09.08.2021 को रु. 68,45,936.44 **(रुपये अड़सठ लाख पैंतालीस हजार नौ सौ छत्तीस और चौबालीस पैसा मात्र)** और इस पर 10.08.2021 से ब्याज, लागत और व्ययों के लिए बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा। प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय के संबंध में मुक्त कराने के लिए अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों में कर्जदार का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

फ्लैट नं. एच-504, 5वाँ तल, जीएच-01/डी, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश स्थित फ्लैट माप 1015 वर्ग फुट के समस्त भाग व खंड।

**(डॉ. अमित गुप्ता)**
मुख्य प्रबंधक
प्राधिकृत अधिकारी

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 11.08.2021**

This PDF was originally uploaded to Business Standard Newspaper - ePaper (https://t.me/bs_epaper). Subscribe now to get this edition before anyone else!! Backup channel: @news_backup